किसान Tak

इस राज्य में नकली उर्वरक की हो रही बिक्री, 110 बोरी जाली DAP खाद जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार

पंजाब में नकली खाद की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है. हालांकि, प्रशासन इसके ऊपर लगाम लगाने की पूरी कोशिश कर रहा है. कृषि विभाग के प्रयासों के चलते आए दिन नकली खाद के कारोबार करने वालों का भंडाफोड़ हो रहा है. इसी बीच खबर है कि मोगा जिले में नकली खाद बेचने वालों को खिलाफ कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है. विभाग ने भारी मात्रा में नकली डीएपी खाद को जब्त किया है. अब प्रशासन ने मामले के तह तक पहुंचने के लिए गहनता से जांच शुरू कर दी है. जल्द ही नकली खाद के कारोबार करने वाले पूरे गिरोह का खुलासा होगा.

द ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, कृषि विभाग को नकली डीएपी खाद बेचने की सूचना मिली थी. इसके बाद कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर नकली डीएपी खाद के 110 बैग जब्त किए हैं. जब्त किए गए स्टॉक के नमूनों की प्रयोगशाला जांच में पता चला कि उसमें नाइट्रोजन और फास्फोरस की मात्रा नहीं थी. मोगा के मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. जसविंदर सिंह बराड़ ने कहा कि डीएपी डाइ-अमोनियम फॉस्फेट है, एक उर्वरक जिसमें 18 प्रतिशत नाइट्रोजन और 46 प्रतिशत फास्फोरस होता है. हालांकि, जब्त सामग्री के नमूनों में नाइट्रोजन या फास्फोरस नहीं था. इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

Source: https://www.kisantak.in/crops/story/110-bags-fake-dap-fertilizer-seized-in-punjab-4-accused-arrested-bnk-1096371-2024-09-22